# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

## प्रेस विज्ञप्ति / सूचना

एतद्द्वारा कुमाऊँ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध परिसर / महाविद्यालय / संस्थान के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक केयू / प0नि0 / गोपनीय / 2025 / 2250 दिनांक 25–10–2025 द्वारा स्नातक / स्नातकोत्तर / व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य / बैक / एक्स के समस्त विषम सेमेस्टर (तृतीय / पंचम / सप्तम / नवम) के परीक्षा आवेदन पत्र तथा ई0आर0पी0 पोर्टल पर बैक परीक्षा (स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर) के परीक्षा आवेदन पत्र आनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु समर्थ व ई0आर0पी0 पोर्टल दिनांक 26–10–2025 से 10–11–2025 तक खोला गया था। दिनांक 10–11–2025 के उपरान्त दिनांक 16–11–2025 तक 50 प्रतिशत एवं 100 प्रतिशत अतिरिक्त विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने थे।

**तद्क्रम में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति एवं व्यापक छात्रहित में 50 प्रतिशत अतिरिक्त विलम्ब शुल्क के साथ सन्दर्भित परीक्षा आवेदन पत्र आनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु समर्थ व ई0आर0पी0 पोर्टल की तिथि को दिनांक 20–11–2025 तक विस्तारित जा रहा है।**

अतः उपरोक्तानुसार सन्दर्भित पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि तृतीय / पंचम / सप्तम / नवम सेमेस्टर तथा स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर बैक की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 20–11–2025 तक समर्थ व ई0आर0पी0 पोर्टल (kunainital.samarth.edu.in व kuntl.net) के माध्यम से आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करें।

**दिनांक 20–11–2025 के उपरान्त परीक्षा आवेदन पत्र न भरे जाने की स्थिति में ऐसे विद्यार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।**

कुलसचिव
कु0वि0वि0 नैनीताल

पत्रांकः केयू / प0नि0 / गोपनीय / 2025 / मैमो. दिनांकः 13–11–2025

प्रतिलिपि–

1– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में समाचार के रूप में दिनांक 14–11–2025 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें–

- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिंट, नैनीताल।
- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।

2– समस्त निदेशक, प्राचार्य सम्बद्ध परिसर / महाविद्यालय / संस्थान को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने परिसर / महाविद्यालय / संस्थान के विद्यार्थियों के मध्य प्रचारित–प्रसारित करने का कष्ट करेंगे।

3– नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल, कु0वि0वि0 नैनीताल।

4– प्रभारी, ई0आर0पी0, कु0वि0वि0 नैनीताल को वैबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु।

5– निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव
कु0वि0वि0 नैनीताल